Proper encouragement should be given to the sports persons of Manipur. We are doing exceedingly well in the field of sports. Funds meant for games and sports should be utilised properly and such funds must be released in time. At the same time we should not encourage diversion of such funds. For art and culture too funds are not coming due to the ban. Earlier 1 lakh or 2 lakh rupees were given to the NGOs for their services in the field of art and culture. This has been stopped now. Not a single penny is given to them in these six months.

New projects, proposals and schemes are piling up and pending at the State Government level but nothing moves.

Madam, the most affected people are those who are HIV positive and AIDS patients. The entire country knows the problem of AIDS in Manipur. The most unfortunate thing is that the two crore of rupees allocated for AIDS control and awareness programmes have not been released by the State Government. Perhaps this fund too has been diverted. This is a very serious case.

In addition to that the orphans are suffering due to lack of funds. Even the meagre amountof 3-4 lakh rupees meant for orphanage and orphan centres have been diverted. Funds are not also released for the deaf and dumb homes and institutes. It is very unfortunate to see the functioning of the State Government. What is the attitude of the State Government towards the people of Manipur? What is the attitude of the Central Government? These are the queries. We don't understand their approach and attitude towards the people of Manipur.

NGOs which are funding the underground outfits should be blacklisted and action must be taken against them. Those black listed NGOs ought to be punished immediately. We have no objection to that. Unwanted NGOs are there in Nagaland, Bihar and in many parts of the country. There are good NGOs as well as bad NGOs. Only the blacklisted NGOs should be punished. In the name of punishing the bad NGOs why should the good NGOs suffer? Some NGOs in Manipur are doing yeo-men's service and they are functioning well. Why should they suffer because of some black sheep? Funds should not be denied to them.

Literacy rate in Manipur is very high and higher than the national literacy rate. Number of educated unemployed is also very high. Quite a good number of educated unemployed youth are running various NGOs. Many of them are running the NGOs sincerely and honestly.

The ban imposed on funding by the Home Ministry to all these NGOs should be reconsidered. This is my earnest request. Due to this ban, funds from NEC, Central Government and other agencies are not forthcoming to the NGOs of Manipur. Once again I personally request the Hon'ble Home Minister to lift this ban and to punish only the blacklisted NGOs.

This is a matter of survival for the educated youth. If they have chosen the wrong path that will be most unfortunate for all of us.

Funds meant for AIDS, orphans, physically challenged, art and culture, sports, should not be stopped. These funds should be released and let us encourage the NGOs which are doing a benevolent job for the people.

I just want to draw the attention of the Hon'ble Home Minister on a very sensitive issue. While bringing out the lists of terrorists organisations of Manipur Home Ministry has included only the valley organisations. Not a single hill organisation is included. I am referring to both Naga and Kuki organisations. I feel that such an approach will not be conducive and it may create further tension in the State between the hills and the valley. It is a well known fact that in the hills various Naga and Kuki organisations are operating. Why these organisations are not included in the list? Valley people particularly the Meiteis might be having a wrong impression about this seemingly biased listing. I hope a balanced impartial attitude and approach towards the Meiteis, Nagas and Kukis will certainly bring about positive results.

It is not my duty to include or exclude a particular organisation in the list. It is the duty of the Home Ministry. However, if the Naga underground organisations and Kuki underground organisations are not included in the list of terrorists of the Home Ministry there is something missing. Perhaps there lies the difference.

Finally, I want to urge upon the Central Government to conduct the elections in Manipur as early as possible. It may be in the month of January or February. In the month of June and July election cannot be held due to rain. As the President's Rule extension expires on 2$^{nd}$ June, 2002, people of Manipur should go to polls before June. Otherwise, we will require emergency provision for further extension. March/April is exam time and May/June monsoon will get

in. Therefore, election in Manipur should be held in the month of January or February alongwith other States. At the earliest people's Government should be restored. As I mentioned earlier President's Rule came to Manipur not because of law and order situation but because of some difference of opinion between the two big parties. It is a fact. For the time being extension of President's Rule period is necessary but elections should be held in no time in the interest of the people of Manipur.

In a democracy there is no substitute for a popular Government by the people. People are waiting for their Government to come. Under the guidance of the Union Home Ministry and Finance Ministry the State will once again come on the right track. This is my belief. We have to rectify the wrongs committed earlier. We cannot delink completely with the past and we cannot exterminate ourselves. Right approach will be to correct ourselves and leap forward towards the right path.

Through Madam Chairperson, I once again request the Government to release funds for the performing NGOs which are dealing with AIDS, disabled, culture and sports. Please take stringent action against those unwanted black-listed NGOs where political big guns are involved. Let the people also learn from the actions of the Government.

Finally I extend my support to the resolution. With these few words, I conclude.

SHRI PRABODH PANDA (MIDNAPORE) : Madam, I thank you for giving me an opportunity to express my views on this Resolution. I am not in favour of the Resolution which has been placed by the hon. Home Minister Shri L.K. Advani.

Many things have been said. It has been said that there is political defection, political instability and there is the indulgence by the insurgent outfits. Who is responsible for that?

No one is responsible for that but the Union Government. People of Manipur are not responsible for that. Grave situation in Manipur is not the creation of the people of Manipur, it is the creation of the Union Government. So, I am of the view that extending President's rule is not the solution. All sorts of democratic norms have been butchered there. Elections in Manipur should be held as soon as possible without any delay. I support the views that not President's rule but people's rule should be strengthened there.

I am not in favour of this Resolution. I oppose this Resolution. Madam, Chairperson, through you, I would like to request the hon. Minister not to extend the President's rule in Manipur. I would like to express this strong opinion. I think that the Government would sympathetically take the democratic aspirations of the people of Manipur into consideration.

**श्री रामजीवन सिंह (बलिया, बिहार) :** महोदया, अभी एक बिल्कुल छोटे से प्रस्ताव पर इस सदन में चर्चा हो रही है। प्रस्ताव बिल्कुल छोटा सा है । मणिपुर में जो राट्रपति शासन लागू हुआ, उसकी छः महीने की अवधि दो दिसम्बर को समाप्त हो रही है, उसे दो जून तक बढ़ाने का प्रस्ताव है। प्रस्ताव बड़ा सीधा है, छोटा है, इसका मैं समर्थन करता हूं।

मैं इसका समर्थन करते हुए माननीय गृह मंत्री जी से अनुरोध करूंगा, अन्य सदस्यों ने भी इस भावना की अभिव्यक्ति की है कि जल्दी से जल्दी वहां पर चुनाव कराने की व्यवस्था करनी चाहिए। हमारे देश में संविधान के मुताबिक संसदीय प्रणाली है। संसदीय प्रणाली में जनता द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा शासन चलता है। जनता का प्रतिनिधि जनहित के प्रति प्रतिबद्ध होता है, लेकिन जहां राट्रपति शासन होता है, वहां पर जनप्रतिनिधि के द्वारा शासन नहीं होता, बल्कि वहां पर नौकरशाहों के द्वारा शासन चलता है और नौकरशाह जनता के हितों के प्रति प्रतिबद्ध नहीं होते हैं। आपको शायद याद होगा कि प्रोफेसर लास्की ने कहा था कि यदि किसी देश में दो वर्षों तक लगातार ब्यूरोक्रेटिक गवर्नमेंट रहे तो दो वर्षों के बाद वहां की जनता सड़क पर आ जाती है, क्योंकि जहां राट्रपति शासन होगा, वहां विकास की गति बहुत धीमी पड़ जाती है और जनता को अपनी ग्रिवांसेज रखने का कोई अवसर नहीं मिल पाता है। इसलिए मैं गृह मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वहां जल्दी से जल्दी यथासम्भव राट्रपति शासन समाप्त कर चुनाव कराने की व्यवस्था करनी चाहिए।

वहां पर राट्रपति शासन क्यों लागू हुआ? मणिशंकर जी कह रहे थे, मैं उनकी इज्जत करता हूं। वे काबिल आदमी हैं। इन्होंने जिन वजहों की चर्चा की, दरअसल राट्रपति शासन का वह कारण नहीं था। इसका कारण तो मात्र इतना था कि सरकार गिरी, सरकार बनी, फिर सरकार गिरी फिर सरकार बनी। परदा गिरा, परदा उठा, परदे के इस गिरने और उठने में ही कोई सरकार नहीं चली और अन्त में भारत सरकार को, गृह मंत्री जी को वहां पर महामहिम राज्यपाल महोदय की रिपोर्ट पर राट्रपति शासन लागू करने को मजबूर होना पड़ा ।क्यों वहां पर सरकार गिरी ! इधर हाल के कुछ वर्षों में यह देखा जा रहा है कि अपने देश में दल-बदल की प्रवृत्ति ज्यादा बढ़ गई है । उससे कोई भी राजनैतिक दल संयम नहीं बरत पाता है। सरकार बनाने में दल-बदल, सरकार गिराने में दल-बदल और सरकार चलाने में दल-बदल। परिणाम यह निकला है कि इतना ज्यादा देश में दल-बदल हो गया है कि आज लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अविश्वास पैदा हो गया है। दल-बदल से दलों के प्रति प्रतिबद्धता समाप्त हो जाती है, दल का अनुशासन महत्वहीन बन जाता है। इनके बल पर जो सरकार बनती है या चलती है, उसकी विश्वसनीयता समाप्त हो जाती है।

जब सरकार की विश्वसनीयता समाप्त हो जाती है तो निश्चित तौर पर लोकतंत्र के प्रति अनास्था पैदा होती है। जब लोकतंत्र के प्रति अनास्था पैदा होती है तो उससे उग्रवाद का जन्म होता है। उग्रवाद लोकतंत्र की जड़ों को हिला देता है। हमारे देश में लोकतंत्र कायम रहे। इसके लिए जरूरी है कि यहां पर बनी हुई सरकारों के प्रति आस्था रहे। उनके प्रति विश्वसनीयता रहे। इसलिए जरूरी है कि दल-बदल के आधार पर सरकार गिराने, बनाने और चलाने का काम न किया जाए।

मैं गृह मंत्री जी से अनुरोध करूंगा कि अगर जरूरी समझें, इस तरह की परिस्थिति पैदा न हो संविधान में इस तरह का प्रावधान किया जाए, जैसे जर्मनी में है। वहां पर चुने हुए प्रतिनिधियों के द्वारा ही हर हाल में सरकार रहती है। इसलिए हमें भी ऐसा प्रावधान करना चाहिए, जिससे राट्रपति शासन लगाने की परिस्थिति पैदा न हो। वहां पर विश्वास और अविश्वास दोनों पर एक साथ वोटिंग होती है। इस तरह का प्रावधान यहां भी होना चाहिए।

हमारे यहां दल-बदल को रोकने के लिए बहुत सारे कानून बने हैं। 1978 में मैं लोक सभा का सदस्य था। इसी सदन में जब इस तरह का बिल आया तो वह पास नहीं हो सका। उसके कई कारण थे। लेकिन आज दल-बदल विरोधक कानून है, फिर भी दल-बदल हो रहा है। मैं उस दल से आता हूं, जिस दल ने इस देश में नैतिकता को कायम किया था। हमारी पार्टी सोशलिस्ट पार्टी थी। 1948 में सोशलिस्ट पार्टी के उत्तर प्रदेश में 13 विधायक थे। जब हमारी पार्टी कांग्रेस से अलग हुई तो हमारे नेता आचार्य नरेन्द्र देव ने सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। उनके साथ ही हमारे सभी विधायकों ने भी इस्तीफा दे दिया। उस समय प्रदेश के मुख्यमंत्री गोविंद बल्लभ पंत जी थे। उन्होंने आचार्य जी से कहा कि न तो इस्तीफा देने का कोई नियम है और न कोई मौका, फिर आप ऐसा क्यों कर रहे हैं। इस पर आचार्य नरेन्द्र देव ने कहा था कि पंत जी, हम आपके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। यह सही है कि इस्तीफा देने का कोई नियम नहीं है, लेकिन लोकतंत्र नियम से नहीं, नैतिकता से चलता है। जिस दिन नैतिकता नहीं रहेगी, उस दिन नियम से लोकतंत्र नहीं चलेगा।

संसद इस देश की सर्वोच्च संस्था है। सम्पूर्ण देश इस तरफ देखता है। क्या हम यह नहीं सोच सकते कि हम लोग नियम बनाएं। अगर नैतिकता नहीं रहेगी तो लोकतंत्र नहीं चल सकता। आचार्य जी ने कहा था कि हम कांग्रेस से जीत कर आए थे। आज अलग हो रहे हैं इसलिए उसकी चीज हम आज उसे वापस कर रहे हैं। क्या आज सारे दल इस पर नहीं सोच सकते ? गम्भीरता से सोचा जाए। भले ही संविधान में संशोधन हो या न हो, लेकिन हर दल इस तरह की आचार संहिता बनाए कि जो व्यक्ति दल बदल करेगा, उसकी सदस्यता स्वतः ही समाप्त हो जाएगी। यदि इस तरह की व्यवस्था हो जाएगी तो इस तरह राट्रपति शासन लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। न सरकार गिरेगी और न राट्रपति शासन लगाने का अवसर आएगा। इसलिए इस पर सभी दलों को सोचना चाहिए।

मणि शंकर जी ने नागा एग्रीमेंट की चर्चा की। मैं फिर कहता हूं कि उसका इससे कोई सरोकार नहीं था। उस एग्रीमेंट के बाद जो परिस्थिति पैदा हुई थी, उससे बहुत सी चीजें हुईं। वहां आग लगी। उससे हमें सबक सीखना चाहिए था। राट्रपति शासन से उसका कोई मतलब नहीं था। सरकार बनाने और गिराने से कोई मतलब नहीं था। लेकिन जो आग लगी थी, उससे वहां बहुत कुछ जला। एक-डेढ़ महीने में मणिपुर में जितने भी राजनैतिक दलों के कार्यालय थे, वे जला दिए गए। वहां के विधायकों और सांसदों तथा मंत्रियों के घर जला दिए गए। किसी को नहीं छोड़ा गया था। सभी पार्टियों के घरों को जलाया गया। दो महीने तक मणिपुर में जो चिंगारी उठी थी, उसने सभी राजनैतिक दलों को, पोलिटिकल इंस्टीट्यूशन्स को नकारने का काम किया गया।

महोदया, 1967 में संविद्वाद की विफलता ने नक्सलवाद को पैदा किया जो देश की समस्या बनी। राजनैतिक दलों के प्रति मणिपुर में जो अनास्था पैदा हुई उस समय एग्रीमेंट के बाद जनता ने टोटल पोलिटिकल इंस्टीट्यूशंस को नकार दिया। क्या हमें इससे सबक नहीं सीखना चाहिए? हम इधर से एक्यूज कर दें, उधर से एक्यूज कर दें, इससे समस्या का निदान नहीं होने वाला है। मैं फिर कहता हूं कि इस देश में लोक तंत्र रहे। हमारे स्वर्गीय नेता कर्पूरी ठाकुर जी कहा करते थे कि वोट का राज छोट का राज है, गरीब आदमी का राज होता है। अगर वोट का राज नहीं रहेगा तो गरीब आदमी को सम्मान नहीं मिलेगा। यह वोट का राज है कि महल में रहने वाले को भी गरीब की झोंपड़ी में जाकर हाथ पसारना पड़ता है। यह वोट का राज रहे, इसलिए लोक तंत्र का रहना जरूरी है, लोकतंत्र का रहना आवश्यक है। लोक तंत्र तब रहेगा जब राजनैतिक दलों की विश्वसनीयता रहेगी और राजनैतिक दलों की विश्वसनीयता तब रहेगी जब राजनैतिक दल एक आचार संहिता के तहत, एक नैतिकता के आधार पर काम करेंगे।

इसीलिए मैं कहूंगा कि वहां जो चिंगारी उठी, वह चिंगारी हमारे मुजफ्फरपुर में आई। वहां एक घटना घटी, एक आदमी का अपहरण हुआ, मृत्यु हुई और वहां तीन दिनों तक वहां की जनता ने किसी राजनैतिक दल के नेता, कार्यकर्ता को वहां प्रवेश नहीं करने दिया। मणिपुर से उठी आग मुजफ्फरपुर में आई और यह चिंगारी देश की तरफ फैल रही है। इसलिए इस संबंध में हमें गंभीरता से सोचना चाहिए क्योंकि सभी राज्यों में बेरोजगारी है, सभी जगह बेसिक नीड बाकी है जिससे जनता में असंतो है। अगर यह सब होगा तो लोक सभा नहीं रहेगी और लोक तंत्र की व्यवस्था नहीं रहेगी। इसलिए इस प्रस्ताव के माध्यम से मैं माननीय गृह मंत्री जी का ध्यान आकर्ित चाहता हूं कि इस वि्य पर गंभीरता से विचार करें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इसका समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI SONTOSH MOHAN DEV (SILCHAR): Madam Chairperson, as a humble Member of Parliament from North-East, and Manipur being adjacent to my constituency, I feel very much depressed to stand again in this House after six months of President's Rule in Manipur to speak either for or against the President's Rule. The Minister of Home Affairs is a gentleman at large. He is a politician of good standing. When I heard his last speech in this House, I thought that he had spoken from his heart. I thought that he loved the North-Eastern region, particularly Manipur. His assurance that the election will be as early as possible, was definitely within a period of six months. Probably, I was wrong in my assessment of the hon. Minister for Home Affairs or this Government's perception towards the North-Eastern region.

Today, in this House, each and every Member has urged that the election should be held within six months. But your Government and your Advisers in their minds have got different plans. You are saying that unofficially the situation is not good. In his speech, he has said : कुछ-कुछ सुधार हुआ, कुछ कुछ सुधार नहीं हुआ।

Why is it so, Mr. Home Minister? Your Governor and his Advisers have already declared that the election to the panchayats will be held on 13th February. If election to the panchayats can be held, why can the election to the Assembly not be held? Is it a gameplan to say afterwards that you come in this House? The panchayat election has been declared and, hence, the election to the Assembly cannot be there. Again six months would lapse. As many Members have said, the monsoon will be there during that time. The school and college examinations will be there. There will be various other situations

What are you trying to say today? I will expect you to be frank and free in your speech. The fate of your motion for continuation of President's Rule will depend on the other House. It is up to you and to your Government to decide whether you want a Constitutional crisis or you go to the people and say, 'Look here, we wanted another six moths but the Congress has not helped us. This is the attitude of the Congress Government. This is the attitude of the Congress Party'. Please do not lead us to such a situation.

What changes have you made? You have insulted the people of Manipur by removing a Minister. That is the only improvement in between six months. There was a representative in your Government. I agree that it is your onus. But I feel hurt when a Minister, who was from Manipur, was removed. Being the people's representative, he could have helped the Governor's Rule. The Assembly has been suspended. Would he get the same honour from your Governor or your advisers as an ordinary Member of Parliament? No, he would not. As a Minister, he could have got. If any mistake was done, it should be corrected by the Prime Minister and by you. Why has he been removed? This is your yet another attitude towards the North Eastern States. Whenever the situation comes, some advisers, who are there in the Home Ministry, would say, 'Remove Shri Chaoba Singh. Then, there will be easy installation of BJP and some other party combination'. This is the only reason I could see and nothing else.

Last time I mentioned in my speech about the situation. I do not know whether your officers and yourself would go through the speeches made by us. What is the situation today? Officials from the hill, who were from the plains, came down to the plains and officials from the plains had gone to the hills and there is chaos. I want to know as to what efforts have been made by the hon. Governor and his advisers. I was also in the Home Ministry. Traditionally, whenever the President's Rule was discussed, we used to see the officers sitting in the Officers' Gallery or in the VIP Gallery. Where are they? What will they learn from this? They will not listen to so many Members mentioning in this House. NGOs have been disbanded.

As regards sports, Manipur is not only in the country's map but also in the world map. Muktheswari has been deprived of her medal on a flimsy reason. Today, the national games are there. If boys and girls from Manipur could

come and participate, if we can go to Manipur as a Member of the National Party and go around every place without an escort which is not being provided in your President's Rule, why can there not be elections? There were SULFA, ULFA and Bodos. You have done it reasonably well. During the election time, maintenance of peace and law and order was very fine. It was done in the past in Tripura. So, do not take an alibi and say that we cannot have the election. You have to have the election along with other States. I think, personally you will not be belied and you will not do anything contrary to that.

Now, what is the development work that has been taken up in these six months of your President's Rule? Here is a note from some leaders of Manipur. It says that corruption is rampant. In the recent IRB recruitment for the posts of JCO, Hawaldar and Rifleman, a sum of Rs.2 lakh to 3 lakh, Rs.1 lakh to 1.5 lakh, and Rs.50,000 respectively were taken. This is the picture of your President's Rule.

We suggested that there should be an advisory body. Why was it not done? Why was it left absolutely to the bureaucrats? All political parties could have been asked to come and form an advisory body to advise. This has not been done. It is very unfortunate.

Let us take a look at the performance under the President's Rule. I would not like to read everything because it would create more trouble. After I spoke last time, my security has been withdrawn. I do not know what will happen to me after this speech. This is how I have been treated by this Government. An officer could have come and spoken to me. There has been no courtesy of that type. Why is this discrimination meted out? These things are absolutely bad.

When Shrimati Indira Gandhi was killed and those who killed her were to be punished, who signed that file? There was a deadlock between officers and Ministers. We have faced terrorism. I am not afraid. I am all right in Assam; my Government gives me security. I am all right in West Bengal; they give me security. In Delhi, if you could not protect Shrimati Phoolan Devi, I only pray that if I am killed, it should be during session time so that at least one day the House would be adjourned in my honour. Nobody would give me any other honour!

The Government should please treat the North-East as one part of the country that needs to be taken into confidence. Things have to be done in a manner that we do not risk to a point where you are asking us to take on terrorism. Terrorism in the North-East is a profession. It is not a fight for a cause; it is not a fight for independence; it is not a fight for a particular section of the people.

I am grateful that earlier today during Question Hour you had said one correct thing. It was, 'Each and every Madarasa is not a camp of the ISI'. I am grateful to you but Ministers visiting the North-East do not say so. Your Governor travels through a road called Pathar Kandi where eighty per cent people are Muslims and asks his driver which part of the country he is travelling through. If that is the attitude of our guarantors of democracy and law and order, we are really in trouble.

Manipur has to be taken care of. As I have already said, in culture, sports and heritage, Manipur is one of the best States in the North-East. I do not support what the people of Manipur have done during the last one year. I condemn it. I do not like burning of the Assembly and the offices of different political parties. I do not like the attack on the police and Government servants. But a message has gone from this Parliament. My constituency is neighbouring Manipur and it takes only 20 minutes by flight to reach Manipur. I know that the people there have now understood the situation. Let anybody go there. I am not, like Shri Mani Shankar Aiyar, asking why Shri George Fernandes should go there but let him go in a proper manner, not in an irregular manner. He is advising people to create confusion. He is saying that there should not be elections for the next six months. What will happen after that? There is a saying in Bengali, '*Sow mon ghee bhi nahin hoga; aur Radha bhi nahin nachegi*'. The Samata Party and the BJP cannot go there. It was an accident that they came to power there. When Shri Chaoba Singh used to dance with the NDA , I used to tell him that he was signing his death bond.' Defection has come not out of affection; it has come about because of instigation from some leaders from Delhi. It is known to the people of the North-East as to what happened there.

It is known as to what has happened there. So, let the hon. Minister of Home Affairs not be insensitive to that. You, as a Minister of Home Affairs of this country, improve the law and order and tell the political parties that those who want to fight, let them fight. The survival of those parties will be on the blessings of the people of Manipur, not from Delhi. I told you last time when I visited your office about Assam. I gave you some papers. I do not want to bring those papers here in this House because it will be misunderstood. The people of Manipur will misunderstand, you will also misunderstand that why Shri Sontosh Mohan Dev is giving the papers. But the situation is being created to have a rift between the tribals and the non-tribals; between the Nagas and the Kukis and those who live in plains. But people have started going. This is very rightly told by the electorates. The campaign has already started with the expectation that the elections will be held there in the month of February, 2002.

So, with this request, I shall appeal to you, let there be an election, and let there be deployment of enough Central security forces and BSF. Please do not take the Army too much into confidence. During election time, Army should be kept away. The Army should not be deployed. They should be kept as stand-by, in case of any untoward situation. But mainly the CRPF, BSF and local police should take care of the elections there.

Last but not least, the Election Commission must be told that the observers of political parties should be given accommodation in the Circuit House. As per the political parties, hotels and other places are not congenial. There are restrictions also by the Election Commission for use of Circuit Houses. However, we have done that in certain occasions in Assam. They should be allowed, and only there should be a minimum restriction. There should be no political meeting in the Circuit House. As long as they stay, the Circuit House should be well protected by the security forces so that various observers of the BJP, the Congress, the Samata Party and other parties do their work in a peaceful manner. Let there be a democratic fight, and let democracy survive in Manipur. Let us not see that democracy is killed in Manipur.

Sir, with this request, I hope during your reply, you will tell us something not very political. Again, I will speak to the Members of Rajya Sabha so that we can say that we have requested the hon. Minister of Home Affairs, and he gave a positive decision that the elections will be held along with other States.

Sir, with this humble appeal to you, I conclude.

**श्री रामानन्द सिंह (सतना) :** माननीय सभापति महोदय, माननीय गृहमंत्री जी द्वारा सदन में प्रस्तुत मणिपुर में राट्रपति शासन की अवधि 6 माह बढ़ाने संबंधी संकल्प का समर्थन करने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। केन्द्र सरकार ने मणिपुर में राट्रपति शासन अपने राजनैतिक उद्देश्यों के लिए नहीं लगाया है और पूरे देश में एक भी ऐसा उदाहरण नहीं है जब भारत सरकार ने अपने राजनैतिक उद्देश्यों के लिए राट्रपति शासन लगाया हो। सभी जानते हैं कि मणिपुर की स्थिति क्या थी। मुख्यमंत्री के इस्तीफा देने के बाद स्थाई सरकार के लिए वहां प्रयास हुआ लेकिन कोई भी दूसरी सरकार नहीं बन पाई और जब अराजकता की स्थिति हुई तो उसके चलते सरकार को राट्रपति महोदय से राट्रपति शासन लगाने के लिए कहना पड़ा।

15.59 hrs. (डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय पीठासीन हुए)

सभापति महोदय, राज्यपाल महोदय ने वहां की स्थिति के बारे में जो प्रतिवेदन दिया, उसी के आधार पर वहां राट्रपति शासन लगाया गया। सभापति महोदय, उत्तर-पूर्व की स्थिति इस देश में कितनी खराब थी यह सभी जानते हैं लेकिन इस सरकार के आने के बाद वहां की स्थिति में सुधार आया है।

16.00 hrs.

शिलौंग में जो मुख्यमंत्रियों का सम्मेलन हुआ था, उसके निर्का वहां के लोगों को राट्र की मूल धारा से जोड़ने वाले हैं। यह एक अच्छा संदेश है। इसके साथ ही प्रिजाइडिंग आफिसर्स की जो कांफ्रेंस हुई थी और वहां लोक सभा के अध्यक्ष भी गए, उससे भी ऐसा प्रतीत होता है कि हम उत्तर पूर्वी राज्यों के लोगों को देश की मूल धारा से जोड़ना चाहते हैं और उन्हें आतंकवाद से मुक्ति दिलाना चाहते हैं। इसके अलावा भारत सरकार ने उत्तर पूर्वी राज्यों के लोगों के लिए एक विशो पैकेज की भी घोाणा की, उनकी तरफ विशो ध्यान दिया और विकास के लिए पूर्वोत्तर राज्यों को विशो धन दिया। इससे भी अच्छा संदेश गया। मैं दो महीने पहले मेघालय, गंगटोक और असम गया था। वहां हमने विभिन्न समुदाय के लोगों से जो चर्चा की, उससे ऐसा लगता है कि आतंकवाद से आम नागरिक मुक्ति चाहते हैं और वे राट्र की मूल धारा में वापस लौटना चाहते हैं। यह स्पट है कि वर्तमान सरकार के प्रयासों से यह स्थिति वहां निर्मित हुई। उत्तर पूर्वी राज्यों में जो अराजकता की स्थिति पिछले वाँ में निर्मित हुई, यह सच है कि केन्द्र सरकार के प्रति उनमें अविश्वास की भावना थी। हमें प्रयास करना चाहिए कि अविश्वास की भावना उनके अन्दर से मिटे। इस दिशा में भारत सरकार निरन्तर प्रयासरत है। उत्तर पूर्वी राज्यों के लोगों में अब वर्तमान सरकार के प्रति विश्वास निर्मित हो रहा है और वे राट्र की मूल धारा में जुड़ने का निरन्तर प्रयास कर रहे हैं। मणिपुर में चुनाव 6 महीने और बढ़ाने की बात कही गई है। मणि शंकर जी ने इसमें कंडिशनल सपोर्ट की बात कही। मैं समझता हूं कि वह विपक्ष में हैं और उनकी एक भूमिका है। वह देश के बड़े नेता भी हैं और अच्छे लेखक हैं। कुछ बातों में पूरे देश के लोगों और सभी दलों की एक राय होनी चाहिए चाहे आतंकवाद का मामला हो या अराजकता का मामला हो या देश की एकता और अखंडता का मामला हो। उसमें सभी दलों को एक राय बनानी चाहिए। अभी पोटो की बात आई। â€¦ (व्यवधान)

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) :** आप लोहियावादी है। असली बात बोलिए।

**श्री रामानन्द सिंहः** इसमें भी कई तरह के लोग हैं। आप जैसे लोग भी हैं और मेरे जैसे लोग भी हैं। कश्मीर में जो कुछ हो रहा है, आप नहीं चाहते कि आतंकवादियों के खिलाफ कार्यवाई हो। वहां सैकड़ों बेगुनाह लोग मारे जा रहे हैं। उत्तर पूर्वी राज्यों में भी यही स्थिति है। आतंकवाद के खिलाफ कोई कानून देश में होना चाहिए। इसमें सभी दलों की एक राय होनी चाहिए। देश की एकता के मामले में और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के मामले में हम सब की एक राय होनी चाहिए। राट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने सदाशयता का परिचय दिया। पिछले तीन वाँ में कोई ऐसा उदाहरण नहीं है जिस में किसी राज्य सरकार को परेशान किया गया हो। कांग्रेसी सरकारों ने राजनैतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सौ बार से भी ज्यादा राट्रपति शासन लागू किया और सौ से ज्यादा राज्य सरकारों को बर्खास्त किया लेकिन यहां ऐसा नहीं हुआ। आप विश्वास कर सकते हैं कि अटल बिहारी वाजपेयी जी के नेतृत्व में किसी भी दल की सरकार के साथ भेदभाव का कोई प्रश्न अभी तक नहीं उठा। किसी भी राज्य सरकार ने ऐसा प्रश्न नहीं उठाया। लालू जी के बाद राबड़ी देवी जी राज्य की मुख्यमंत्री बनी। हमने इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं किया। भेदभावपूर्ण ढंग से किसी भी राज्य सरकार के साथ बर्ताव नहीं किया गया। न ही केन्द्रीय आवंटन में भेदभाव किया गया। केरल से लेकर कश्मीर तक हर राज्य का जो शेयर था, वह उसे बराबर मिल रहा है। हमारे राज्य के 15-16 सांसद दो-तीन बार प्रधान मंत्री जी से प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के संदर्भ में मिले और उनसे शिकायत की कि राज्य सरकार ने हम से इस बारे में कोई राय नहीं ली। वहां की सरकार नई सड़कें बनाने की बजाय पुरानी सड़कों की मरम्मत पर ही पैसा खर्च कर रही है। प्रधान मंत्री जी ने हम से यही कहा कि हमें सब को साथ लेकर चलना है। यह संदेश न जाए कि अटल बिहारी वाजपेयी जी की सरकार दूसरे दलों के साथ भेदभाव करती है।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह :** आपकी राय ठीक है, लेकिन व्यवहार में आपकी राय के विरुद्ध काम हो रहा है।

**श्री रामानन्द सिंह :** लेकिन अगर ऐसा श्री लालू यादव आपके खिलाफ कर देते, वे आपकी राय नहीं मानते जबकि हमारे प्रधानमंत्री जी और गृहमंत्री जी सांसदों की राय मानते हैं। ऐसा माना जाता है कि सत्तारूढ़ दल की बैठक में सांसदों की बात को माना जाता है। इसलिये मेरा अनुरोध है कि मणिपुर में 6 महीने की राट्रपति

शासन की अवधि बढ़ाई जा रही है, उस पर एक प्रश्नचिन्ह है कि जब वहां चुनाव हो जायेगें तो क्या कोई स्थिर सरकार वहां बनेगी - किसकी बनेगी, यह अलग बात है। हमारा मत है कि वहां एक स्थिर सरकार बननी चाहिये। कांग्रेस बड़ा दल है - ये सरकार में थे, ये प्रयास कर सकते हैं। केन्द्र की सरकार प्रयास करे कि आने वाले दिनों में जब मणिपुर में चुनाव हों तो वहां कोई स्थिर सरकार बने, अराजकता की स्थिति न बने। भारतीय लोकतंत्र के लिये यह जरूरी है कि जब हमारे राज्यों में राट्रीय दलों के अलावा बहुत सारे क्षेत्रीय दल हैं, एक स्थिर सरकार बनायें और जोड़-तोड़ की राजनीति न हो।

सभापति महोदय, अभी हमारे एक माननीय सदस्य ने आचार्य नरेन्द्र देव जी का उदाहरण दिया। यह इतिहास बन चुका है। मणिपुर में जो प्रयोग किया गया, वह बहुत अच्छा नहीं था। मेरे मन में श्री जार्ज के प्रति बहुत सम्मान है। जब उनसे कहते हैं कि इस्तीफा दें, वे चले आये, हमें बहुत दुख हुआ। वे न केवल एन.डी.ए. के संयोजक हैं बल्कि देश के बहुत बड़े समाजवादी मूर्धन्य नेताओं में से एक हैं। आज तक उनकी ईमानदारी और चरित्र पर उंगली नहीं उठी लेकिन यहां अनावश्यक रूप से बड़े लोगों ने जार्ज साहब की आलोचना की। जब जार्ज साहब ने इस्तीफा दिया तो स्वेच्छा से दिया और जब सरकार को उनकी आवश्यकता अनुभव हुई तो माननीय प्रधानमंत्री जी ने उन्हें बुला भेजा। यह प्रधानमंत्री जी का विशोधिकार है। जार्ज साहब ने प्रधानमंत्री जी के आग्रह को स्वीकार कर लिया। मैं विपक्षी सदस्यों से जानना चाहता हूं कि जब जार्ज साहब ने इस्तीफा दिया और वे अपना वक्तव्य लोकसभा में देना चाहते थे तो उन्हें सुना नहीं गया। सदन में 8-10 दिन तक हंगामा किया गया। उनकी बात सुनने के लिये कई बार निवेदन किया गया कि सुन लीजिये ताकि सारी शंकाओं का समाधान हो जाये और आप लोग पानी-पानी हो जायेंगे। यह बड़े गर्व की बात है कि जार्ज साहब जैसा रक्षा मंत्री हमें मिला है। उन्होंने न केवल कारगिल युद्ध का नेतृत्व किया बल्कि दूर सीमाओं पर जाकर सैनिकों का हौसला बढ़ाने के लिये पहुंचे। राट्रीय जनतांत्रिक सरकार को चलाने के लिये उन्होंने पूर्ण ऊर्जा लगाई है। वे ऐसे पहले मंत्री हैं जिनके दरवाजे का गेट हटा दिया गया है और कोई सिक्यूरिटी नहीं खड़ी होती। आप ऐसे रक्षा मंत्री की आलोचना करते हैं।

**सभापति महोदय :** आप कृपया मणिपुर पर बोलिये।

**श्री रामानन्द सिंह :** सभापति महोदय, मेरे ख्याल से यदि अन्य तीन राज्यों में होने वाले चुनावों के साथ मणिपुर के चुनाव भी करा दिये जायें तो माननीय गृह मंत्री जी को आपत्ति नहीं होगी। सरकार भी चाहती है कि जितना जल्दी चुनाव हो सकें, कराये जायें। चुनाव टालने की मंशा सरकार की नहीं है। लेकिन देखना यह है कि वहां चुनाव की स्थिति बनती है या नहीं या फिर स्थिर सरकार बन पायेगी या नहीं? कहीं ऐसा तो नहीं होगा कि 6 महीने के बाद सरकार बर्खास्त हो और फिर चुनाव कराने पड़ें। कृपा करके सभी राजनैतिक दल इस बात को गंभीरता से सोचें। कांग्रेस पार्टी विपक्ष में रही है और राट्रीय आन्दोलन में बढ़-चढ़कर भाग लेती रही है। ये भली भांति जानते हैं और मैं इनसे अपील करूंगा कि पूर्वोत्तर राज्यों में अराजकता की स्थिति पैदा न हो क्योंकि आप वहां सरकार बनाने की स्थिति में नहीं हैं।

कोई भी अकेला दल वहां सरकार नहीं बना पायेगा । लेकिन चुनाव के पहले आप वहां कम से कम ऐसी स्थिति बनाइये, जैसे वहां राट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का मोर्चा चुनाव के पहले बना, ऐसा कोई मोर्चा चुनाव के पहले बनाइये और चुनाव के पहले घोाणा पत्र बनाकर वहां चुनाव कराइये । अभी उन्होंने कंडीशनल कहा। हम माननीय श्री मणि शंकर अय्यर जी का बहुत आदर करते हैं, वह एक वरिठ नेता हैं, वरिठ स्तम्भकार हैं, विद्वान हैं । वह केवल कांग्रेस के ही नेता नहीं हैं, हम उन्हें पूरे देश का नेता मानते हैं । कभी उन्हें कंडीशनल के बजाय एडीशनल सपोर्ट भी करनी चाहिए । उन्हें कहना चाहिए कि आप आतंकवाद के खिलाफ पोटो लाइये, हम उसका समर्थन कर रहे हैं । लेकिन हर जगह कंडीशनल, हर जगह पॉलीटिक्स, हम सभी दलों को इस पॉलीटिक्स से बचना चाहिए । इस देश को बचाने के लिए सब लोगों को कुछ बिंदुओं पर एकराय बनानी चाहिए । देश की एकता के मामले में, अराजकता दूर करने के मामले में, आतंकवाद के खात्मे के मामले में हम सब एक हैं । अमरीका में हम देख रहे हैं कि 11 सितम्बर की घटना के बाद वहां सब देश एक हो गये और अभी भी हम कश्मीर में समर्थन पाने में दुनिया भर की बातें करते हैं।

सभापति महोदय, इसी भावना से हम सब लोग इसका समर्थन करते हैं । हम यह प्रयास करें कि आने वाले दिनों में मणिपुर में एक स्टेबल सरकार बनायें । इन्हीं शब्दों के साथ मैं माननीय गृह मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव का समर्थन करता हूं ।

**डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) :** सभापति महोदय, हम सभी सहमत हैं कि मणिपुर एक छोटा राज्य है, लेकिन देश का एक महत्वपूर्ण और किसी से कम महत्वपूर्ण हिस्सा नहीं है । इतिहास के हिसाब से, कुरान के हिसाब से, पांडवों की वहां शादी हुई थी । वनवास के समय वे सब वहां गये थे, महाभारत में इसकी चर्चा है। कला, संस्कृति में मणिपुरी नाच न हो तो हिन्दुस्तान की संस्कृति की झलक नहीं आती है। इसलिए यह देश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है । लेकिन जब एन.डी.ए.में भाजपा और समता पार्टी के क्षुद्र राजनीतिक स्वार्थ के चलते वहां आयाराम, गयाराम हुआ तो प्रेसीडेन्ट रूल लागू हुआ । प्रेसीडेन्ट रूल के वक्त माननीय गृह मंत्री जी ने आशा व्यक्त की थी कि वहां छः महीने प्रेसीडेन्ट रूल लागू हो । प्रेसीडेन्ट रूल एक लाचारी व्यवस्था है, यह कोई वाजिब बात नहीं है । इनके मन में चिन्ता होनी चाहिए कि प्रेसीडेन्ट रूल वहां एक लाचारी व्यवस्था थी, लेकिन वहां आयाराम, गयाराम के कारण प्रेसीडेन्ट रूल लगा, जबकि वह एक संवेदनशील इलाका है। वहां छः महीने में चुनाव हो जाना चाहिए था । चुनाव न हो पाने को हम सरकार की लापरवाही मानते हैं। अब यहां आकर ये कह रहे हैं कि छः महीने के लिए और बढ़ा दिया जाए, क्या वहां प्रेसीडेन्ट रूल कायम रखना चाहते हैं। लोकतंत्र की मांग है कि वहां वोट का राज चले। इतना ही नहीं ये लोग वहां आयाराम, गयाराम के चलते दलबदल करते और कराते हैं।

अभी श्री रामजीवन बाबू सही बात कह रहे थे कि राज चलाने के लिए, राज बनाने के लिए और राज बचाने के लिए दलबदल, रुपया-पैसा, पोस्ट, भूखंड, पेट्रोल पम्प आदि इन चीजों का ये इस्तेमाल कर रहे हैं । श्री चोइबा सिंह वहां के चुने हुए मंत्री थे, ये जवाब दे सकते हैं कि उन्हें क्यों हटा दिया गया। चुने हुए आदमी की शासन में भागीदारी थी । मणिपुर एक छोटा किंतु संवेदनशील इलाका है, वहां आग लगी और उसे लगाने वाले यही लोग थे । मुइवा से ऐसे ही दस्तखत करवा दिये जिससे वहां आग लग गई । वहां पुलिस अफसरों के घर, विधान सभा और सभी आवास जलने लगे । वहां कोई रिप्रेजेन्टेटिव नहीं घूम सकता था, वहां ऐसी परिस्थिति पैदा हो गई। अब सुधार होने पर वहां की जनता सावधान और सजग है । लेकिन वहां अभी भी एक्सटोर्शन जारी है । वहां दो-तीन महीने से इम्पलायीज का भुगतान नहीं हुआ है । प्रेसीडेन्ट रूल वहां आयाराम, गयाराम और राजनीतिक अस्थिरता के कारण लागू हुआ । प्रेसीडेन्ट रूल का मतलब है केन्द्र की हुकूमत, किंतु कर्मचारियों के बकाये का भुगतान नहीं हुआ, बेरोजगारी हटाने के लिए क्या इंतजाम हुआ । कला, संस्कृति के लिए वहां पर्याप्त पोटेन्शियलिटी है । विकास नहीं होगा और आप वहां आतंकवाद खत्म कर देंगे । यह नहीं हो सकता, यदि विकास नहीं होगा, अन्याय होगा तो वहां आतंकवाद होता रहेगा । इसलिए आतंकवाद की समस्या के समाधान के लिए इसको दबाया जाना चाहिए । आतंकवाद के खात्मे के लिए हम लोग भी साथ हैं । लेकिन एक राजनीतिक छल के चलते भाजपा और समता पार्टी के बीच अभी भी वहां पटरी नहीं बैठी है।

गृह मंत्री जी कह रहे थे कि राज्यपाल की रिपोर्ट से पता चलता है कि अभी कुछ सुधार हुआ है लेकिन वैसी परिस्थिति नहीं आई है कि वहां पर चुनाव कराया जा सके। यह गलत है। संकल्प प्रस्तुत करते हुए गृह मंत्री जी ने जो एक्सप्लेनेशन दिया है, मैं उससे संतुट नहीं हूँ। इनका वहां जो आपसी तालमेल है, उसमें गड़बड़ है। इसकी वजह से ये वहां चुनाव नहीं कराना चाहते हैं। चाओबा सिंह जी को मंत्री पद से हटा दिया लेकिन वे सही बात बोल रहे थे कि वहां के लोग तकलीफ में हैं और क्यों ये चुनाव टाल रहे हैं। वहां तुरंत चुनाव होने चाहिए। पिछले समय में कांग्रेस पार्टी से परामर्श करके यह काम किया गया। कांग्रेस को भी कभी कभी लगता है कि जवाबदेह विपक्ष की भूमिका दिखानी है तभी राज्य सभा में वह पहले पास हो गया और फिर यहां लाए। राज्य सभा के भय से प्रेजिडेन्ट रूल लागू नहीं करते वरना बिहार में कब का लागू कर देते। और भी कई राज्यों में कोई न कोई बहाना करके लागू कर देते। इसे पिछली बार पहले राज्य सभा में पास करवा लिया था और बाद में कंडीशनल बात हो रही है, लेकिन कुछ कंडीशन वगैरह नहीं है। मणिपुर पूर्वांचल का एक संवेदनशील इलाका है और स्ट्रैटिजिकली भी बर्मा की सीमा से लगा हुआ है। वहां से दवाओं और नशीले पदार्थों की स्मगलिंग रोकने के लिए सरकार ने क्या उपाय किये हैं, जब से वहां केन्द्रीय शासन लागू हुआ है? बर्मा की सीमा से नशीले पदार्थ लाये जा रहे हैं और देश का वातावरण खराब हो रहा है, उसके लिए सरकार ने क्या किया है? मणिपुर में जो एथनिक समस्या है - नागा और कूकीज में हमेशा

मार-काट लगी रहती है, उसे रोकने के लिए संवेदनशील होकर केन्द्रीय सरकार काम नहीं करेगी तो वहां की समस्याएं और बढ़ेंगी और वहां आतंकवाद पहले से ही बहुत है। पूर्वोत्तर में हमें लगता है कि 40-42 संगठन विभिन्न नामों से उत्पात मचाते हैं, एक्सटॉर्शन करते हैं, राहजनी और आगजनी भी करते हैं। इसलिए हम चाहते हैं कि वहां चुनाव जल्दी से हों और जो विकास की गतिविधियां हैं, उनमें केन्द्र मदद करे। यूनाइटेड फ्रंट गवर्नमेंट के समय में डिसाइड हुआ था कि पूर्वोत्तर के राज्यों में बजट का दसवां हिस्सा खर्च करेंगे, मगर यह सरकार क्यों पीछे हट गई? ये वहां स्वांग रचते हैं। जहां वोट हैं, वहां जाकर ये पैकेज का ऐलान करते हैं। इससे क्षेत्रीय िवामता बढ़ेगी। इतने बड़े देश को चलाने के लिए इस तरह की नीति नहीं होनी चाहिए। सम्यक नीति होनी चाहिए और समदृटि होनी चाहिए जिससे रीजनल इम्बैलेन्सेज़ न हों। इसीलिए हम सभी हिन्दुस्तान के लोग पूर्वोत्तर के साथ है कि उसके विकास में केन्द्रीय सरकार तेजी लाए। क्या इंतजाम इन्होंने किया है, वह बताएं। क्या विशे व्यवस्था वहां की तरक्की के लिए की गई है, वह बताएं। वहां बेरोज़गारी, शिक्षा और स्वास्थ्य की जो समस्या है, आवागमन की समस्या है उसके लिए क्या किया गया है? मंत्री जी कह रहे थे कि पंचायती चुनाव हो सकते, फिर स्टेट के चुनाव क्यों नहीं हो सकते? हमें लगता है कि यह केन्द्रीय सरकार की लापरवाही है इसलिए हम प्रेजीडेन्ट रूल का विरोध करते हैं और चाहते हैं कि चुनाव जल्दी कराए जाने चाहिए। इनकी भाजपा और समता पार्टी वहां खत्म हो रही है। वहां किसी तरह से जोड़-तोड़ करके सरकार बना ली थी, लेकिन अब इनकी वहां चलने वाली नहीं है। देश के विभिन्न हिस्सों से इनका सफाया हो रहा है। इस बार ये यूपी से भी साफ होने वाले हैं इसीलिए ये चुनावों को टाल रहे हैं। चुनावों को टालना उचित नहीं है और वहां की समस्या के समाधान के लिए केन्द्रीय सरकार अपनी तरफ से आगे जाकर जनाकांक्षाओं की पूर्ति करे जिससे आतंकवाद ध्वस्त होगा और इसके सुधार के लिए आवश्यक प्रयास किये जाएंगे।

SHRI HOLKHOMANG HAOKIP (OUTER MANIPUR): Mr. Chairman, Sir, I thank you very much. I am from Manipur. There are two MPs from Manipur − one from Outer Manipur and another from Inner Manipur. I am from Outer Manipur and Shri Th. Chaoba Singh is from Inner Manipur. So, I want to speak on Manipur discussion particularly.

Manipur is a tiny State, but rich in culture and advanced in many things like sports, dance, etc. Literacy rate is very high in Manipur. In Manipur, unemployment is the crux of the problem and many of the unemployed youth join insurgent activities.

Now, coming to the issue, I support the extension of President's Rule in Manipur. Why do I support this? The ground rules and the ground realities are very difficult and the situation is not yet ripe enough for holding elections immediately. I was surprised when the Home Minister said that elections would be held within six months. I was really surprised. I wanted that he did not say that. Actually people are not ready − this is number one. I am also not ready − this is number two. Thirdly, I want that it be extended at least by one year. But that is not possible because the political parties will make protests and lots of movements will be there against it. The Minister has done the right thing by extending it for another six months. It is very good for us. I really support it and I am very happy for that.

Moreh in Manipur is the last post in the Indian sub-continent. Only 73 kms. away from Imphal, we have Moreh; and Tamu is in Myanmar which is less than three kms. from Moreh. So, on all sides, we are surrounded by Myanmar. We have jungles in Manipur and the insurgents fire and hide in jungles. That is the one disadvantage for the Army and the paramilitary forces in dealing with them successfully.

There are 20 underground outfits in Manipur. There is no life for us; I have not enjoyed life for the last 25 years. All the time, there is suffering; there are strikes and *bandhs*. Manipur has become a State of strikes and *bandhs.* When there is President's Rule, it means that there is the rule of the Home Ministry. The Home Ministry should be very careful and give a healing touch to the people because we have suffered. People of Manipur are very sick; we are unhealthy, physically and mentally. Monetarily also, we are not sound.

I am told that the present figure of deficit in the case of Manipur is Rs.1200 crore. Generally, the budgetary allotment is of the order of Rs.450 crore. This time, I think, it is Rs.475 crore or something like that. A deficit of Rs.1200 crore means, we would not have food for two years. If the Central Government is not kind enough, we will be without food, without money and without anything for two years. But the Central Government will not do anything like that. If somebody has done something wrong, people who are not involved in it, should not be punished. If my father has killed somebody, I should not be punished for that. That is why, I say that the earlier Governments, one after another, did not pay heed to the financial position of the State of Manipur. They do not know what is the financial system. They are confused with the fiscal position and of our financial system.

The Central Government is sometime kind enough to lend us money. I think, the present Governor is confused. He counted the fiscal deficit of the State of Manipur as Rs.1200 crore and he has also said that he is not getting his pay for the last two months. I want him to try and bring back the financial health of the State of Manipur by exploring various avenues that are there. He can approach either the Finance Minister or the Home Minister and arrange for all these things.

Lastly, I wish to say that the whole of North-eastern State does not want either an Army man, IPS or an IAS to be its Governor because the gun culture has failed to solve the problem in North-east. A politician alone, sitting on a round table conference, can treat the sickness of the North-east. This problem of insurgency, you may call it terrorism, can be solved by an experienced politician. An Army man or a police man deals with the matter in a particular way. IAS rules like bureaucrats. Therefore, whichever Party is in power at the Centre, it should see to it that no Army man, police man or IAS should be sent as the Governor of the State. Instead, astute, experienced, clever and intelligent man with full of wisdom should be sent as the Governor of the state.

The State of Manipur has been dealt with very badly by various Governments at the Centre. I cannot blame only the

present Government. The State has suffered so much havoc at the hands of earlier governments, I only wish the present Government may not make more misery for us so that our sufferings are put to an end....(*Interruptions*) I do not want early elections. With these words I wish the present Government to overcome the financial sickness of the State.

MR. CHAIRMAN : Shri Arun Shourie to intervene now....(*Interruptions*)

**श्री रामजीलाल सुमन :** सभापति महोद्य, आप इनको बाद में बुलवाइये, पहले हम लोग दो-दो मिनट बोलेंगे।â€¦ (व्यवधान)

**सभापति महोद्य :** ये इण्टरवीन कर रहे हैं। बाद में तो माननीय मंत्री जी का रिप्लाई होगा, इसलिए इनका पहले इण्टरवीन करना ठीक है। इनके बाद जिन सद्स्यों को बोलना है, अभी 1-2 सद्स्य बाकी हैं, वे बोलेंगे, उसके बाद माननीय मंत्री जी उत्तर देंगे।

**श्री रामजीलाल सुमन :** हमें ज्यादा नहीं बोलना, दो-दो मिनट बोलना है। â€¦ (व्यवधान)

**सभापति महोद्य :** रामदास जी, आप बैठिये। मैं सदन की सहमति चाहूंगा, चूंकि इस प्रस्ताव पर दो घण्टे का समय नियत किया गया था, वे दो घंटे पूरे हो रहे हैं। यदि सदन सहमत हो तो इसके लिए आधा घंटे या एक घंटे का समय, जैसी भी जरूरत हो, बढ़ा दिया जाये, क्योंकि अभी माननीय अरुण शौरी जी इण्टरवीन करेंगे। माननीय मंत्री जी को भी उत्तर देना है और दो सद्स्यों को और बोलना है। सदन की सहमति से आज सदन की समाप्ति तक समय बढ़ाया जाता है। It is extended up to six o' clock.

THE MINISTER OF DISINVESTMENT AND MINISTER OF DEVELOPMENT OF NORTH EASTERN REGION (SHRI ARUN SHOURIE): I have sought your permission to say just two points because some remarks that have been made by my old friend Shri Mani Shankar Aiyar, cast personal aspersions on me and also on the work that my colleagues and I are doing. For that reason, with your permission, I would just set the record straight. I do not want to get into an argument on these matters.

I am told, the hon. Member said that because of me, my writings or because sof my going to the North-east eventually terrorism and terrorist groups were formed.

It was also said that this has harmed the country. I cannot imagine how such aspersions are hurled in this House, how this House is used to calumnise and castigate individuals like this. During the period of the agitation, I went there not more than twice. I went there at a time when about 600 to 700 young children had been brutally shot down by the then Government, and those students were shot down because they had taken up an issue of national importance. All my writings of that period were published in newspapers and there is nobody, till today, who has said that they led to violence. In fact, even now and at that time, I had roundly condemned violence of all kinds including violence that had resulted from groups being instigated by those in office.

Now, Sir, in a senses the insinuations are a matter of almost no consequence because nobody will believe a habitual broadcaster of such falsehood. But what has pained me is that the Ministry that has begun work for the North-East, and about which leading Members of Parliament from the Congress(I) themselves and from the North-East know, even that has been sought to be painted as nothing but a Ministry of mischief. Shri Sangtam, Shri Sontosh Mohan Dev, and many other friends are here. I do not want to go on taking their names. They know the work that has begun. I think that is of some importance to Manipur also, that because of this Department, now, the projects which were languishing for several years, during that several Governments of the past and were just loitering in Delhi, are being cleared expeditiously. The Chief Minister of Mizoram, Shri Zoramthanga was just now with me. Within days of the Department being started, the Bairabi project which was − Shri Sontosh Mohan Dev knows it very well -- hanging in the cupboards for so long has been cleared. I hope that we will be able to make the first releases for that very soon.

Similarly, the project in Sikkim for urban water supply and sanitation which was again loitering in the files here was cleared immediately. In the case of the Ranganadi project, as you know, the work would have slowed now because they did not have Rs.136 crore to complete it. It is because my colleagues and I held meetings with NEEPCO, the Power Finance Corporation and others and got them a bridging loan that the work is continuing and the project will be completed during this financial year.

Sir, we had a most constructive meeting of all the Chief Ministers, the Chief Secretaries, the Planning Secretaries, and the Finance Secretaries of North-Eastern States in Shillong. It was one of the best and the most constructive meetings. The MPs know about it. The point regarding stoppage of work in the North-East because of the Supreme Court ruling on forest products is also well known. This was brought to my attention by Shri Jamir, and others. I personally studied it. We have been working with the Ministry of Environment and Forests. The key point was that there was no ban, but working plans had to be prepared. Once the working plan is made, the exploitation of the forests and the resumption of economic activity in the forests can start. The Ministry of Environment has immediately, out of its existing funds, allocated Rs.5 crore for 100 per cent funding of the working plans of forest development all over the North-East so that economic activity can resume there.

I have met the Minister of Defence and the Generals of the Eastern Command. As you know, because of the large presence of the Army in Manipur, and other States, it represents actually one of the great markets for the North-East. With about 1,25,000 Army and para-military forces there, their purchases are very enormous. The items are being procured from outside the region. All of us, including Shri Fernandes, the Generals of the Eastern Command and myself, have begun a systematic effort so that the purchases can be made locally and assistance can be given to producers for commencing production of items from vegetables to all other things that the Army needs - so that the Army becomes a marketing opportunity for the North-East and so on.

In Urban Development, I noticed that while almost Rs.300 crore or more are being spent in the Northeast, actually speaking, a miscellany of projects were being taken up like a parking lot in Shillong and a parking lot somewhere else. Shri Ananth Kumar and I met our officers and a team of five officers went and discussed these questions with the relevant Ministers and Secretaries of Northeast fifteen days ago. We have decided that we will focus on urban sanitation and waste disposal and on urban water supply, so that within two or three years we can actually make a difference in the Northeast. With Shri K.A. Sangtam's cooperation and his guidance we are drawing up the schemes so that sportsmen of that region can complete and attain national status. They have excellent marksmen and excellent long distance runners. They only require some support. One of the best ways to give them confidence is to make them feel that they are getting recognition all over the country.

We have held meetings with the Finance Ministry. It is a tragedy that external aid is available to the better off States, but States like the ones in Northeast do not get that kind of external aid. We have taken up the matter with the Finance Minister. The Finance Minister has held meetings and the officials have also held meetings so that the States can be tied up with donor agencies and within a year we can get good external assistance for excellent projects in the Northeast.

In Manipur, as the learned Member was just now telling us, there has been a misunderstanding of the financial position. The House would be glad to know that because of this Department's work and the Finance Minister's reaching out for Manipur and Assam − two States which are in real distress financially − we will be coming up with fiscal reform packages. I hope to discuss this matter with Shri Gogoi. I have personally studied the fiscal reform packages which were taken advantage of by the Governments of Madhya Pradesh and Gujarat from the Asian Development Bank. We can then try and persuade the Northeastern States also to go in for these kinds of fiscal reform packages by which they can avail of the assistance and at the same time attain growth.

As you know, in the Northeast, we have about 45,000 MW of hydroelectric potential all over, specially in States like Arunachal Pradesh. That is not being used. I began discussions with Shri Suresh Prabhu, so that within this year we can begin one of the mega-projects, Subansiri or others, thereby we can make a great leap so that Northeast is not dependent on the rest of the country, but the rest of the country comes to depend on the Northeast.

To dismiss all these efforts by a colourful phrase that this is just a Ministry of Mischief is not correct. I implore you to reconsider it. I specially implore the Deputy Leader of the Congress Party to consider whether such phrases should be used, whether the House should be allowed to be used for calumnising of individuals as also for dismissing the earnest work that is being done.

I thank you for giving me this opportunity to clarify the position.

SHRI MANI SHANKAR AIYAR : May I have just one sentence? I would greatly welcome an opportunity to discuss the statements that I have made, which are based on facts and do not constitute calumny. I do not think this is the right opportunity or occasion to do so. I would greatly welcome the Government of India choosing an occasion where we can go into the antecedents of the Minister of the Northeast. He is extremely expert in this kind of blowing of his own trumpet. He has picked up a number of ideas that had existed for years, including the last three years of his own Government. I do not think this forum is meant for this kind of boasting.

SHRI ARUN SHOURIE: Members from his own party are the best evidence against him.

**श्री राशिद अल्वी (अमरोहा) :** सभापति महोदय, पिछले छः महीने से मणिपुर के हालात बहुत तफतीशनाक और खतरनाक हैं, लेकिन अफसोस की बात है कि यह सरकार पिछले छः महीने में मणिपुर के चुनाव नहीं करा पाई। तारीख गवाह है, जब भी इंसानों के जज्बात और एहसासात को नजरअन्दाज किया जाएगा, मणिपुर जैसे हालात पैदा हो जायेंगे। मैं उनको न जस्टिफाई कर रहा हूं और न उनको सपोर्ट कर रहा हूं। मैं उनको कन्डैम करता हूं।

महोदय, हमें आवाम के जज्बात और एहसासात का ख्याल रखना पड़ेगा। कश्मीर के अन्दर जो हालात आज हैं, वे हालात 15-20 साल पहले नहीं थे। काश्मीर के अन्दर हमने दो रुपए किलो चावल देने की कोशिश की। हमने काश्मीर के लोगों के जज्बात और एहसासात की कदर नहीं की, जिसका नतीजा यह हुआ है कि आज काश्मीर आग के शोले पर बैठा है और टैरेरिज्म पूरे मुल्क के लिए खतरा बना हुआ है। यही हाल मणिपुर का हो रहा है। अगर इस दिशा में सही कदम नहीं उठाया गया, तो यह आग पूरे मुल्क को अपनी लपेट में ले लेगी। मुझे इस बात का खतरा है। मैं इस बात को कन्डैम करता हूं कि यह सरकार पिछले छः महीने में मणिपुर में क्यों चुनाव नहीं करा सकी। 45 साल तक कांग्रेस सत्ता में रही और बहुत लोग सोचते थे कि कांग्रेस बहुत गलतियां कर रही हैं। उस दौरान बीजेपी की इमेज बनी थी कि यह बड़ी ईमानदारी पार्टी है, पैट्रियोटिक लोग हैं। अगर ये सत्ता में आयेंगे, तो शायद कुछ बेहतर कर देंगे। ये लोग सरकार में न आए होते, तो उनकी यह इमेज बनी रह जाती। सरकार में आकर यह गलती हो गई। दो साल से लगातार देख रहे हैं कि कांग्रेस ने कोई अच्छा काम किया, तो वे उसको दोहराना नहीं चाहते हैं। लेकिन

कांग्रेस की गलतियों को एक-एक करके बीजेपी की सरकार दोहराना चाहती है। इस सदन में यह जवाब दे दिया जाता है कि सौ बार आपने राट्रपति शासन लगाया, हम भी लगा रहे हैं, तो कोई गलती नहीं कर रहे हैं। आपको यह समझना चाहिए कि इन्होंने गलतियां कीं, तो इसीलिए ये इस तरफ बैठे हैं, वरना ये उस तरफ बैठे होते। अगर आप इस तरह गलतियां करेंगे, तो वह वक्त दूर नहीं कि आपको इधर आना पड़े।

मैं कहना चाहता हूं कि भारतीय जनता पार्टी का डैमोक्रेसी से कोई वास्ता नहीं है। मैं एक-एक करके मिसाल दे सकता हूं। मसला सिर्फ मणिपुर का नहीं है। मेरे एक साथी कह रहे थे, दल-बदल करके, पार्टियां तोड़कर, सरकारें बनाई हैं और डैमोक्रेसी का खून हो जाता है। मैं सिर्फ उनकी तकरीर और जुमले के कारण इस संकल्प का समर्थन करता हूं, लेकिन पूरी तकरीर ऐसी थी, अगर वे इधर खड़े होकर अपनी बात कहते, तो ऐसा लगता कि बीजेपी के खिलाफ तकरीर कर रहे हैं। वे हमारे सोशलिस्ट भाई हैं। मैं कहना चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश के हालात देखिए। वहां आपने कैसे सरकार बनाई। कितने दलों को तोड़कर सरकार बनाई। कितने क्रिमिनल्स को सरकार में शामिल करके सरकार बनाई। आप इसे छोड़िए, आप मणिपुर में राट्रपति शासन छः महीने के लिए बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश के क्या हालात हैं। वहां भी आपने छः महीने का समय बढ़ा दिया। हिन्दुस्तान के इतिहास में जहां पहले उत्तर प्रदेश के चुनाव पांच साल में हो जाते थे, लेकिन अब साढ़े पांच साल में हो रहे हैं। इस काम को सही बताने के लिए तमाम आर्ग्युमेंटेस बीजेपी की सरकार दे रही है और अपनी पूरी ताकत लगा रही है। एसेम्बली के मैम्बर्स ने इस्तीफे दे दिए और सारे राजनीतिक दलों ने इस्तीफे दे दिए, लेकिन छः महीने की सत्ता का लालच बीजेपी को इस बात की इजाजत नहीं देता है कि वह उत्तर प्रदेश में चुनाव नहीं कराए। â€¦ (व्यवधान) आज बीजेपी की सत्ता में सबसे नजदीक लोग हैं, वे वही लोग हैं, जो लोकसभा के चुनाव में हार चुके हैं। जिन लोगों के मश्विरे से सरकार चलती है, इससे पता लगता है कि इनका डैमोक्रेसी में कितना यकीन है। जसवंत सिंह जी की हम बड़ी इज्जत करते हैं, वे राज्य सभा से चुनकर आए हैं। बीजेपी के बड़े भारी नेता है और दल को पूरा मश्विरा देते हैं। अरुण शौरी जी, अभी तशरीफ रखते थे, राज्य सभा से चुनकर आए हैं। अरुण जेटली जी भी राज्य सभा से चुनकर आए हैं। श्रीमती सुामा स्वराज पिछले चुनाव में हार गईं, जनता ने उनको नकार दिया, लेकिन राज्य सभा से चुनकर आ गईं। नायडू साहब भी राज्य सभा से चुनकर आए हैं। इनके अलावा देश के बड़े नेता, श्री प्रमोद महाजन जी भी राज्य सभा से चुनकर आए हैं। बीजेपी की पूरी सरकार इन नेताओं के कहने से चलती है। इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि इनको कितना डैमोक्रेसी पर यकीन है, यह इस बात को साबित करता है। â€¦ (व्यवधान)

**सभापति महोदय :** आल्वी जी, मैं आपको रोक नहीं रहा हूं। आप विाय पर आइए। मणिपुर के बारे में जो बातें आपने कहीं है, ठीक हैं, लेकिन आप विाय पर बोलिए।

**श्री राशिद अल्वी :** मैं इस हाउस को बतला रहा हूं। मैं अपनी बात लम्बी नहीं कर रहा हूं। मैं मिसाल देकर होम मिनिस्टर को बताना चाहता हूं कि सरकार सही कदम उठाएगी, तो देश ठीक चलेगा।

मणिपुर में जल्दी से जल्दी चुनाव होना चाहिए। उसमें छ: महीने की देरी गलत हुई है। आप इसे छ: महीने के लिए और एक्सटेंड कर रहे हैं लेकिन मेरा यह कहना है कि उससे पहले चुनाव हो जाने चाहिए वरना इस तरीके की हरकतों से देश में टेरेरिज़्म पैदा होगा। हमे लोगों के ख्यालात और जज़्बात का ख्याल करना चाहिए, चाहे मणिपुर, कश्मीर या हिन्दुस्तान का कोई भी हिस्सा हो।

महोदय, मैं एक बात और कह कर समाप्त करूंगा कि जब सच्चाई से मुंह मोड़ा जाता है तब सीने में आग भड़कने लगती है। वही काम मणिपुर में हो रहा है। गृह मंत्री जी, उत्तर प्रदेश में, खास तौर से मेरी कांस्टीट्यूएंसी में, मणिपुर से उसका कोई सीधा ताल्लुक नहीं है, लेकिन जब बात आई है तो मैं उसके रेफरेंस में कहना चाहता हूं। मेरी कांस्टीट्यूएंसी में, रमजान का महीना चल रहा है, शाम को तराजें होती हैं। कांठ में फतेहपुर विश्व नाम की जगह है, जहां एक गांव विलायतपुर है। वहां मस्ज़िद मौजूद है लेकिन बीजेपी के नेता और सारा एडमिनिस्ट्रेशन कह रहा है कि मस्ज़िद मौजूद नहीं है।â€¦ (व्यवधान) मेरी रिक्वैस्ट है कि चाहे आप खुद चले जाइए, अपना कोई नुमाइंदा भेज दीजिए, पार्लियामेंट के मेम्बर्स का कोई डेलीगेशन भेज दीजिए और पता कर लीजिए। अगर इस तरह से होगा तो टेरेरिज़्म को हवा कोई दूसरा नहीं देगा, बल्कि आपकी सरकार देगी। मस्ज़िद मौजूद है और यह कहा जा रहा है कि वहां मस्ज़िद नहीं है। डीएम और कमिश्नर कहते हैं कि वहां कभी नमाज़ नहीं हुई इसलिए अब वहां नमाज़ नहीं हो सकती। क्या आपने कभी कांस्टीट्यूशन नहीं पढ़ा? â€¦ (व्यवधान)

हमारे मंत्री जी, शाह नवाज़ भाई को चिन्ता है लेकिन उन्हें इस बात की चिन्ता नहीं है कि गांव में क्या हो रहा है। मैं आपसे दरखास्त करता हूं कि इन सारे मामलात के अंदर होम मिनिस्टर साहब को गौर करना चाहिए। मैं आपकी ईमानदारी की इज्जत करता हूं। आपकी ईमानदारी पर कोई शुबाह नहीं करता। इसलिए मैं जो बात कह रहा हूं वह किसी भेदभाव की वजह से नहीं कह रहा हूं। आपसे अदब के साथ दरखास्त कर रहा हूं कि इन सारी बातों पर आपको गौर करना चाहिए और मणिपुर के अंदर भी जल्दी से जल्दी इलैक्शन कराना चाहिए।

**श्री रामजीलाल सुमन (फिरोजाबाद) :** सभापति महोदय, इस सम्माननीय सदन में अधिकांश माननीय सदस्यों ने मणिपुर में अतिशीघ्र चुनाव कराने पर चिन्ता व्यक्त की है, उन्हीं माननीय सदस्यों के साथ मैं अपनी भावनाएं जोड़ता हूं। यह सही है कि मणिपुर हमारे देश का एक छोटा राज्य है, लेकिन हमें वहां की संस्कृति पर नाज है। राज्य भले ही छोटा हो लेकिन समृद्ध राज्य है। मणिपुर में जितनी जल्दी चुनाव हो सकें उसका प्रयास सरकार को करना चाहिए।

महोदय, अभी जैसे संतोा मोहन देव जी ने कहा था कि वहां पंचायत के चुनाव कराने की बात हो रही है, यहां अत्यधिक विरोधाभास है कि पंचायत के चुनाव वहां हो सकते हैं लेकिन विधानसभा के चुनाव नहीं हो सकते। राज्यपाल की जो रिपोर्ट आती है, एक राजनैतिक कार्यकर्ता होने के नाते यह भी अत्यधिक चिन्ता का विाय है कि राज्यपाल का पद भी हमने राजनीति के दायरे में समेट दिया। कभी-कभी राज्यपालों की रिपोर्ट को भी हम अपनी सुविधानुसार बना लेते हैं। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि पिछले छ: महीने में मणिपुर में चुनाव हों, इसके लिए क्या व्यवस्थित और चरणबद्ध प्रयास किया गया? एक महीने में यह हुआ, दो महीने में यह करना था, तीन महीने में यह करना था। मेरा मानना है कि भारत सरकार की मणिपुर में चुनाव कराने की इच्छाशक्ति नहीं है, वरना एक व्यवस्थित प्रयास होता कि हमें दस, 15दिन या एक महीने, दो महीने में यह करना है। सरकार संकल्प ले लेती कि छ: महीने में हर कीमत पर मणिपुर की स्थिति को सामान्य बना कर उसे चुनाव लायक बना देना है तो मैं नहीं समझता कि कोई परिस्थिति ऐसी पैदा हो सकती थी कि आज सरकार को दोबारा इस सदन में आना पड़ता।

लेकिन यह प्रयास भारत सरकार ने और गृह मंत्रालय ने नहीं किया। यह सही है कि मणिपुर में बेरोजगारी और आर्थिक तंगी है। अभी मणिपुर के सांसद कह रहे थे कि वहां पर राज्यपाल महोदय को भी दो महीने से तनख्वाह नहीं मिली है। यह स्थिति वहां है और वहां राज्यपाल का शासन यानी भारत सरकार का शासन है। माननीय आडवाणी जी राज्यपाल को तलब करेंगे तो राज्यपाल दौड़ा-दौड़ा चला आयेगा। यह ठीक है कि वहां की माली हालत खराब है और वहां पर बेरोजगारी है, सरकारी कर्मचारियों को तनख्वाह नहीं मिल रही है। इस दिशा में सरकार द्वारा क्या सार्थक प्रयास हुआ है यह हम जानना चाहते हैं। माननीय आडवाणी जी से हम विनम्र निवेदन करना चाहते हैं कि भारत सरकार की स्थिति पहले से ही बुरी है और आपके खिलाफ आरोप लगते रहते हैं, इसलिए आप अपने पास कम काम रखें तो यह आपकी सेहत के लिए भी अच्छा रहेगा और मणिपुर में जल्दी चुनाव हो सकें तो वहां के लिए भी अच्छा रहेगा। यह उचित ही होगा कि भारत सरकार पर कम से कम वजन और भार रहे।

सभापति महोदय, निर्वाचित सरकारों में अफसरशाही के ऊपर जनप्रतिनिधियों का मनोवैज्ञानिक असर होता है, नहीं तो अफसरशाही बेलगाम हो जाती है और राज्य में व्यवस्था ठीक प्रकार से नहीं चलती है। माननीय आडवाणी जी, अगर आपने मणिपुर से सवाल पर ईमानदारी से प्रयास नहीं किया तो अनेकों बार इसको लेकर आप सदन में आयेंगे। मेरा अनुरोध है कि आपको ईमानदारी से बेरोजगारी के सवाल पर और सरकारी कर्मचारियों को जो तनख्वाह नहीं मिली है, उस ओर ध्यान देना होगा। मणिपुर में ही नहीं, हिंदुस्तान के किसी भी प्रांत में अगर लोकतांत्रिक सरकार नहीं है तो हमें खुले मन से उसके लिए प्रयास करना चाहिए और किसी भी राज्य में रा

ट्रपति शासन लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। मेरा अनुरोध है कि आप मणिपुर में तत्काल चुनाव कराने की व्यवस्था करें।

**श्री हरीभाऊ शंकर महाले (मालेगांव) :** सभापति महोदय, मणिपुर के बारे में जो बहस हो रही है उस पर मैं अपने विचार रखने की कोशिश करता हूं। सन 1978 में श्री मोरारजी भाई पंथ-प्रधान थे। उसके बाद वे हट गये और उसके बाद माननीय चरणसिंह जी पंथ प्रधान बने और चव्हाण साहब उनके साथ हो गये। चरणसिंह जी और चव्हाण साहब के ऊपर वे बहुत नाराज थे। उनके पास 16 संसद सदस्य थे। काकड़े जी और मैं उनके पास गये और कहा कि हम श्री मोरारजी भाई को 16 आदमी देते हैं। उनके पास 6 आदमी कम थे। श्री मोरारजी भाई को अपना प्रतिनिधि बनाने के लिए हम लोग उनके पास गये। हमें बोलने में डर लग रहा था। श्री मोरारजी भाई ने कहा कि यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं जल्दी से जल्दी राजीनामा देता हूं। चव्हाण साहब साथ थे। लेकिन वे उस वक्त बिल्कुल इधर-उधर नहीं हिले। हमने मोरारजी भाई को देखा लेकिन उन्होंने नहीं माना। मणिपुर में लोकशाही नट करने का जो पाप है वह तो समता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी का पाप है। इसलिए वहां राट्रपति शासन है। लेकिन पत्थर के समान लोग देखते रहे कि यह आदमी बहुत अच्छा है, यह पार्टी दल-बदलू नहीं है।

दल-बदलू का पाप समता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी कर रही है, यह ठीक नहीं है। राट्रपति शासन की अवधि बढ़ाने का मैं विरोध नहीं कर रहा हूं। इतना ही मैं कहना चाहता हूं। आपने मुझे बोलने का जो अवसर दिया, इसके लिए धन्यवाद।

**श्री रामदास आठवले (पंढरपुर) :** सभापति महोदय, आडवाणी साहब जो प्रस्ताव लाए हैं मैं उस पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। दो जून को मणिपुर में राट्रपति शासन लागू हुआ था। संविधान की धारा 356 के मुताबिक 6 महीने राट्रपति शासन लागू करने का अधिकार केन्द्र सरकार को है। मणिपुर में 6 महीने के अन्दर चुनाव कराने की जिम्मेदारी भारत सरकार की थी। आडवाणी जी 6 महीने और राट्रपति शासन बढ़ाने का जो प्रस्ताव लाए हैं, मैं उसका विरोध करता हूं। मणिपुर में समता पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के बीच विवाद पैदा हुआ जिस के कारण वहां की सरकार गिर गई और वहां राट्रपति शासन लागू हुआ। हम चाहते हैं कि यहां भी इसी तरह का विवाद पैदा हो और उसके बाद जल्दी से जल्दी यह सरकार गिर जाए, ऐसी हमारी इच्छा है लेकिन यह सरकार शायद जल्दी नहीं गिरेगी। मणिपुर की स्थिति में सुधार लाने की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की है। वहां शांति लाने का प्रयास करना चाहिए और 6 महीने में वहां चुनाव होने चाहिए ऐसी हमारी मांग है। आशा है आप हमारी इस मांग को स्वीकार करेंगे। यही हमारी भूमिका है।

**गृह मंत्री (श्री लाल कृण आडवाणी) :** माननीय सभापति महोदय, सभी सदस्यों का मैं आभारी हूं, जिन्होंने मोटे तौर पर इस प्रस्ताव का समर्थन किया। शायद एक-आध ने कहा कि मैं इसका विरोध करता हूं, अन्यथा प्रायः सभी वक्ताओं ने इस बात को पहचाना कि आज जब हम राट्रपति शासन के टैन्योर के छः महीने पूरे होने के निकट हैं, यही उपयुक्त होगा कि छः महीने बढ़ा कर यह तय करें कि चुनाव जल्दी से जल्दी हों। लगभग सब लोगों ने चुनाव जल्दी होने चाहिए, इस बात पर बल दिया। मैं समझता हूं कि यह बात स्वाभाविक है। मैं यह भी कहना चाहूंगा कि यूं तो दो जून को राट्रपति शासन लागू हुआ था लेकिन इस बात की जानकारी सभी को है कि उच्चतम न्यायालय के एक निर्णय के कारण, इसके बाद से यह व्यवस्था बन गई कि पहले जब राट्रपति शासन लागू होगा, तब सदन भंग नहीं हो सकता जब तक संसद के दोनों सदन राट्रपति शासन के पक्ष में प्रस्ताव न पारित करें। प्रस्ताव जुलाई के अंत में पारित हुआ। इसलिए सितम्बर के आरम्भ में सदन भंग हो गया और जिस को बाकायदा राट्रपति शासन का टैन्योर कहें, उसको माना जा सकता है। यूं तो टैक्निकली जून में ही शुरु हुआ लेकिन यह भी सब को ज्ञान है कि जून और जुलाई के महीने जब तक तीन शब्दों का विवाद बना था तब तक वहां मणिपुर में राट्रपति शासन के बाद भी अशांति ज्यों की त्यों थी। मणिशंकर अय्यर जी ने उन तीन शब्दों के ऊपर विवाद का जिक्र किया। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि अभी तक इस बात का ज्ञान नहीं है कि वे तीन शब्द हैं या नहीं? मैं एक बार फिर से बताना चाहूंगा कि वे तीन शब्द अब उसमें नहीं हैं जिस के कारण सारी अशांति पैदा हुई थी विदआउट ज्योग्राफिकल लिमिट्स वे अब उस समझौते में नहीं हैं। उसके बाद भी दो राउंड्स हो चुके हैं एक अभी डेढ़ महीने पहले हुआ था जिस में चर्चा आगे बढ़ती है, सेस्सेशन ऑफ हॉस्टेलिटीज ज्यों की त्यों है, उसमें कोई फर्क नहीं है।

<u>17. 00 hrs.</u>

श्री मणिशंकर अय्यर या बाकी सब सदस्यों की जो इच्छा है, मैं उससे सहमत हूं। यह स्वाभाविक है कि जब उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तरांचल राज्यों के चुनाव होने हैं तो मणिपुर का चुनाव भी उस समय हों, यह उपयुक्त होगा। मैं मानता हूं कि चुनाव आयोग यही चाहेगा, हम भी यही चाहेंगे, सदन भी यही चाहता है लेकिन चुनाव आयोग ने कोई घोणा नहीं की। यह अंदाज जरूर है कि इस समय तक इन राज्यों की टर्म पूरी होगी। मैंने आपको यह भी बताया कि इस अधिवेशन के शुरु होने से पहले राज्यपाल से पूछा गया था कि स्थिति क्या है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि फरवरी-मार्च तक हो सकते हैं। मैं इतना ही कह सकता हूं कि मैं सदन के सभी सदस्यों की राय से सहमत हूं। इस मामले में वहां की स्थिति को देखना होगा। यहां पर आउटर मणिपुर के सांसद श्री ए. हौकिप ने कहा कि चुनाव नहीं होना चाहिये। उन्होने तो यहां तक कहा कि न केवल फरवरी-मार्च तक बल्कि वहां तो अभी चुनाव होने की स्थिति ही नहीं है। संविधान के पास 6 महीने का ऑप्शन है कि जून, 2002 से पहले चुनाव होना चाहिये। कई माननीय सदस्यो ने कहा कि अप्रेल में चुनाव हो सकता है लेकिन मई में बारिश हो जाती है। इसलिये फरवरी-मार्च का महीना स्वाभाविक तौर पर ठीक रहेगा। आज संसद में फरवरी-मार्च की बात हो रही है, कल चुनाव आयोग या गवर्नर कहें कि इस बात का पालन करना होगा। इसलिये आप लोगों की इच्छा के साथ सरकार को जोड़ते हुये यह कहूंगा कि वहां चुनाव चुनाव आयोग और राज्यपाल महोदय द्वारा स्थिति का जायजा लेने के आधार पर निर्णय होगा। मैं मानता हूं कि हर दृटि से ठीक निर्णय लेना होगा और आप मुझे कहें कि मेरे ऊपर बोझ कम हो जायेगा जो सेहत के लिये अच्छा है..

**एक माननीय सदस्यः** यह ठीक ही रहेगा।

**श्री लाल कृण आडवाणी :** यह हमारे लिये अच्छा रहे या न रहे, इसकी चिन्ता नहीं लेकिन हमारे लोकतंत्र के लिये अच्छा रहेगा, इसलिये होना चाहिये। इस मामले पर चर्चा के समय बार बार डिफैक्शन पर चर्चा की गई जिसके कारण वहां इस प्रकार की परिस्थितियां पैदा हुई। यह सही बात है। यहां पूर्व लोकसभा अध्यक्ष बैठे हुये हैं जिन्होंने बहुत लम्बी-चौड़ी एक्सरसाइज़ की है। हम तो अपेक्षा करते थे कि उसमें से कुछ न कुछ निकलेगा और सरकार कोई प्रस्ताव लायेगी और ऐंटी-डिफैक्शन लॉ में संशोधन किया जायेगा लेकिन हमारा वार्ि का अनुभव है और उसका परिणाम यह हुआ कि हम जिस दल-बदल को गलत मानते हैं, अपराध मानते हैं, वह दल-बदल एक सिंगुलर पार्टी है, प्लुरल में नहीं। अगर अकेला आदमी दल-बदल करे तो अपराध है और यदि अधिक करें तो वह अपराध नहा। सचमुच स्थिति को देखते हुये इस बात पर पुनर्विचार होना चाहिये। हमने जिस स्पलिट की कल्पना की थी, उसके कारण ही प्रैक्टीकली यह एंटी-डिफैक्शन लॉ इनइफैक्टिव हो गया है।

इस पर पुनर्विचार करना चाहिए और जहां तक नॉर्थ ईस्ट की बात है, जहां तक छोटे राज्यों की बात है, उन छोटे राज्यों मे जब तक यह स्थिति बनी रहेगी कि साठ का कुल सदन है, रूलिंग पार्टी 42 की है या मिली-जुली, कोएलीशन 42 की है और उसमें से 40 मंत्री बनेंगे, जब तक यह स्थिति बनी रहेगी और मणिपुर जैसी घटनाएं होती रहेंगी । ये घटनाएं अच्छी नहीं हैं ।

सभापति महोदय, एक माननीय सदस्य ने जिक्र किया कि वहां के लोग चाहते थे कि सरकार बन जाए, लेकिन केन्द्र के लोग नहीं माने, उन्होंने कहा कि सरकार नहीं बनने देंगे ।

**श्री हरीभाऊ शंकर महाले :** सभापति जी यहीं बोल रहे हैं, केन्द्र में यही हैं ।

**श्री लाल कृण आडवाणी :** मैं मानता हूं कि इन सारे सवालों पर सोचते हुए हमें एन्टी डिफैक्शन लॉ के बारे में, मंत्रिमंडल के आकार के बारे में विचार करना

चाहिए । उसमें से कई अच्छी बातें निकलेंगी । फिलहाल मैं इतना कहना चाहता हूं और उन सभी माननीय सदस्यों का आभार प्रकट करता हूं जिन्होंने इस प्रस्ताव का समर्थन किया और इस बात पर जरूर बल दिया कि अच्छा होगा कि इसके चुनाव भी बाकी प्रान्तों के चुनावों के साथ फरवरी, मार्च में हो जाएं । सरकार की भी यही इच्छा है । लेकिन सरकार की इच्छा पूरी करने के लिए हमें वहां के राज्यपाल और यहां के इलैक्शन कमीशन से सलाह करनी पड़ेगी, यही मैं कहना चाहता हूं ।

**श्री शिवराज वि.पाटील (लातूर) :** सभापति महोदय, गृह मंत्री जी ने यहां पर जो कहा है उससे हमारा आधा समाधान होता है, पूरा समाधान नहीं होता है । वह कह रहे हैं कि हमारी भी इच्छा जल्दी से जल्दी दूसरे प्रान्तों के साथ इलैक्शन करवाने की है, यह समाधान देने वाली बात है । मगर हमारा आपसे असमाधान वहां शुरू हो जाता है जहां से वह आगे नहीं बढ़ना चाहते, जैसे वह आगे नहीं बढ़ना चाह रहे हैं। हम यह समझते हैं कि इलैक्शन कमीशन को यह निश्चित करना है कि इलैक्शन कब होना है। अगर उन्होंने कह दिया कि मैं नहीं कर सकता तो आपकी मजबूरी हम समझ सकते हैं। मगर इलैक्शन कमीशन को भी सरकार पूछती है कि हमें इस समय इलैक्शन करना है और आप उस राय के हैं या नहीं, उस समय सरकार की तरफ से जो मदद की जरूरत है, वह मिलेगी या नहीं मिलेगी और यह इलैक्शन करना दुरूस्त है या नहीं, इसके लिए इलैक्शन कमीशन भी सरकार से बातचीत करता है। मुझे कोई संदेह नहीं है कि इसके ऊपर इलैक्शन कमीशन सरकार से बात करेगा, गृह मंत्रालय से बात करेगा, केन्द्र सरकार से भी बात करेगा तो गृह मंत्री और सरकार की तरफ से यह कहा जा सकता है, हमें आश्वासन दिया जा सकता है कि हमारी तरफ से हम इलैक्शन करने का पूरा प्रयास करेंगे, यदि कोई चीज आपके हक में नहीं है तो उसके लिए आपको जिम्मेदार नहीं कहा जा सकता। मगर आप इतना तो कह सकते हैं कि दूसरे प्रान्तों के साथ इलैक्शन करने की हम पूरी कोशिश करेंगे । यदि इतना भी हमें कह दिया तो मैं समझता हूं कि यह अच्छा होगा ।

**श्री लाल कृण आडवाणी :** श्री शिवराज पाटील जी ने जो बात कही है मैं समझता हूं कि मैंने पहले भी कहा था, उसकी भावना भी यही थी कि हमारी तरफ से किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहेगी । हमारी तरफ से पूरा प्रयास होगा कि बाकी प्रान्तों के साथ चुनाव हो जाएं ।

**श्री मणि शंकर अय्यर :** सभापति महोदय, मैं एक स्पटीकरण पूछना चाहता हूं । अभी जो जवाब दिया गया है, मुझे उस पर एक सवाल करना है । गृह मंत्री महोदय का यह कहना है कि वे तीन शब्द जिन पर चर्चा हुई थी, वे अब नहीं हैं । मैं मानता हू कि माननीय गृह मंत्री के दृटिकोण में वे तीन शब्द नहीं हैं। लेकिन क्या एन.एस.सी.एन (आई.-एम) ने मंजूर कर लिया है कि वे तीन शब्द नहीं है और यदि उन्होंने इसे मंजूर कर लिया है तो उसके सबूत देश के और सदन के सामने पेश करने का कट करें ।

**श्री लाल कृण आडवाणी :** वे अगर यह नहीं मानते तो उसके आगे बात नहीं होती। बात हुई है, उसके बाद दो राउन्ड्स हुए हैं और मैं मानता हूं कि यदि प्रधान मंत्री जी कोई बात कह दें और फिर सदन में सरकार की ओर से कहा जाए, उसके आग बढ़कर कोई अखबार में छपी हुई चीज का वजन नहीं है, यह तो कम से कम मानना चाहिए ।

**श्री मणि शंकर अय्यर :** वह एक लिखित समझौता है, जिसमें आपके हस्ताक्षर भी हैं और एन.एस.सी.एन.(आई.-एम.) के हस्ताक्षर भी हैं । यदि हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं होता तो मैं यह सवाल नहीं करता । लेकिन जब 14 जून को उस समझौते पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर हैं, मैं देखना चाहता हूं कि ऐसा कोई दस्तावेज हमारे सामने आये जिस पर एन.एस.सी.एन.(आई.-एम.) का भी हस्ताक्षर हो ।

**सभापति महोदय :** माननीय गृह मंत्री जी ने स्पट कर दिया है ।

Now, the question is:

> "That this House approves the continuance in force of the proclamation, dated the 2nd June, 2001 in respect of Manipur, issued under article 356 of the Constitution by the President, for a further period of six months with effect from the 2nd December, 2001. "

*The Resolution was adopted.*

------